Bareilly Monday
5 May 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 4: MIDDLE

**वर्कशॉप** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पेन अपडेट सीएमई में विशेषज्ञों ने कहा

# दर्द स्वाभाविक, रोकना बड़ी चुनौती

**पेन मैनेजमेंट से कैंसर जैसे असाध्य दर्द का भी उपचार संभव**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (4 May):** दर्द स्वाभाविक है. कभी भी किसी को भी कैसा भी दर्द हो सकता है. यह होना ही है और इसे रोकना आज की सबसे बड़ी चुनौती. अच्छी बात है कि इसे कम किया जा सकता है और यह चिकित्सकों के हाथ में है. यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को पेन अपडेट सीएमई और वर्कशाप में विशेषज्ञों ने कही.




गेस्ट को किया गया सम्मानित.

## जताई चिंता

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एनेस्थीसिया और पेन मेडिसिन विभाग की ओर से इंडियन सोसायटी आफ पेन क्लीनीसियन के तत्वावधान में एक दिवसीय पेन अपडेट सीएमई एवं वर्कशॉप का आयोजन हुआ. इसके इनॉग्रेशन सत्र में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने दर्द पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि चोट लगने पर तो दर्द होता ही है, इसके साथ कटने, हड्डी टूटने और ऑपरेशन पर भी दर्द होता है. सब दर्द ही हैं. लेकिन हर तरह का दर्द अलग है. इसके मायने अलग हैं और इसकी तकलीफ भी अलग है. ऐसे में दर्द को रोकना और इसके असर को कम से कम करना चिकित्सक की नैतिक जिम्मेदारी है. इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों और रिसर्च की जानकारी आवश्यक है. इसी के लिए पेन अपडेट का आयोजन किया गया. इसमें कैंसर सहित हर तरह के असाध्य दर्द के निदान की जानकारी सभी ने साझा की. उम्मीद है इससे चिकित्सकों को फायदा होगा और मरीजों को राहत मिलेगी. समारोह में पेन अपडेट 2025 की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. गीता कार्की के ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी और पेन मैनेजमेंट की चुनौतियों को भी बताया. उन्होंने कहा कि कैंसर जैसा असाध्य दर्द भी रिसर्च और प्रोटोकॉल की अत्याधुनिक जानकारी से कम किया जा सकता है. इसी को ध्यान में रखते हुए पेन अपडेट 2025 का आयोजन किया गया. पेन अपडेट 2025 के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वैभव भंडारी ने सभी का आभार जताया. इनॉग्रेशन सत्र का संचालन डॉ. शुभा ने किया.

## दिया व्याख्यान

इससे पहले सुबह 8.30 बजे आरंभ इस सीएमई में एम्स रायबरेली के डॉ.विजय अदाबाला ने कैंसर के दर्द के उपचार के लिए डब्ल्यूएचओ की एनालिसिस पर व्याख्यान दिया. एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डॉ.वैभव भंडारी ने पेन फिजिशियन के लिए फ्लोरोस्कोपी पर रिसर्च की जानकारी दी. एम्स ऋषिकेश के प्रोफेसर (डॉ.) अजीत कुमार ने कैंसर के असाध्य दर्द को कम करने पर व्याख्यान दिया. एम्स गोरखपुर के डॉ.रवि शंकर शर्मा, डॉ.ज्योति पठानिया, डॉ.एके सिन्हा, डॉ. निहारिका अरोड़ा, डॉ.आदित्य पाल महेश्वर ने कैंसर सहित विभिन्न तरह के दर्द पर अपना व्याख्यान दिया. इस मौके पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस मेडिकल कालेज की अफिशिएटिंग प्रिंसिपल डॉ. बिंदु गर्ग, ऑर्गनाइजिंग की चेयरपर्सन डॉ. जूही सरन और डॉ.कैसी शर्मा, साइंटिफिक चेयरपर्सन डॉ.धीरज सक्सेना और डॉ.विश्वजीत सिंह, ज्वाइंट ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. एसके लोहानी, वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर डॉ. अमिता मांजर व डॉ.अखिलेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के एचओडी, फैकल्टी और विद्यार्थी मौजूद रहे.